# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

| कक्षा:चार | विषय: हिंदी व्याकरण | पाठ:पत्र |
| --- | --- | --- |

## (औपचारिक पत्र)

- शुल्क -मुक्ति के लिए प्रधानाचार्या जी को पत्र

सेवा में,

प्रधानाचार्या जी,

सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सी० से० स्कूल,

आई० पी० एक्सटेंशन, पटपड़गंज

दिल्ली-९२

विषय:- शुल्क -मुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र ।

महोदया,

सविनय निवेदन यह है कि मैं एक निर्धन परिवार का सदस्य हूँ। मेरे पिताजी साइकिल रिक्शा चलाते हैं । हम परिवार में पाँच सदस्य हैं । मेरा एक अन्य भाई और छोटी बहन भी इसी विद्यालय में पढ़ते हैं । मेरे पिताजी हम तीनों का शिक्षण-शुल्क वहन करने में असमर्थ हैं ।

**अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे शुल्क-मुक्ति प्रदान करने का कष्ट करें । मैं गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा में प्रथम आने का प्रयास करूँगा/करूँगी ।**

**आपका आज्ञाकारी शिष्य / आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या**

**नाम:-**

**कक्षा:-**

**दिनांक:-**